दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 17 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि –05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजधानी पटना में विकसित होने वाले नये टाउनशिप का नाम पाटलिपुत्र करने की घोषणा की है। श्री चौधरी आज पटना के फुलवारीशरीफ के नदीयावां में प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से राज्य को मिलने वाली चार हजार करोड़ रूपये की बकाया राशि तीस जून तक उपलब्ध करा दी जायेगी। साथ ही उन्होंने कहाकि शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों भागलपुर में विक्रमशिला विश्वविद्यालय का शिलान्यास करवाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि कोईलवर से भागलपुर तक तिरासी किलोमीटर लंबे गंगा पाथ–वे का निर्माण कराया जायेगा। इस पर सत्रह हजार करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिविर मे पहुंचे लोगों की शिकायते सुनीं और उनके समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिये। समारोह को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने भी संबोधित किया।

———————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पटना के नौबतपुर स्थित राज्य बीज उत्पादन फार्म में 'खेत बचाओ अभियान' में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री चौहान किसानों के साथ संवाद भी करेंगे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री ने आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, पीएम आवास योजना और केंद्र–राज्य समन्वय से जुड़े मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा हुयी। केन्द्रीय मंत्री का विद्यापति भवन में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में भाग लेने का कार्यक्रम है, जहां वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों और आगामी प्राथमिकताओं पर अपने विचार रखेंगे।

———————————————————

मद्य निषेध, कारा और परिवहन विभाग में सिपाही तथा कक्षपाल की नियुक्ति के लिए आज दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा के लिए प्रदेशभर में पांच सौ चौवालीस केन्द्र बनाये गये हैं। पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इधर, रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज पच्चीस विशेष ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की है। ये ट्रेनें पटना, बक्सर, गया, सोनपुर, सहरसा, मधुबनी और बेतिया समेत विभिन्न स्टेशनों से परिचालित की जायेंगी। रेल प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले स्टेशन पहुंचने और निर्धारित ट्रेनों का उपयोग करने की अपील की है।

---

गृह विभाग ने केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती परीक्षा को स्थगित करने के संबंध में चल रही भ्रामक सूचनाओं का खंडन किया है। पर्षद की ओर से जारी पत्र के अनुसार आज दोनों पालियों में आयोजित होने वाली लिखित परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालित की जाएंगी।

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता में कमी आने से एक जून से अब तक सामान्य से बत्तीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली मानसून की दोनों शाखाएं कमजोर हैं। बारिश की कमी के कारण पटना समेत सात जिलों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। किशनगंज के तैयबपुर में सबसे अधिक बारह दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार अगले कुछ घंटों में गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, शिवहर, सारण, सीतामढ़ी, नालंदा और शेखपुरा जिले में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।